संख्या—cm-265
24/08/2024

# मुख्यमंत्री ने पूर्णिया के चूनापूर सैन्य हवाई अड्डा का किया निरीक्षण, समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश, काझा कोठी के जीर्णोद्धार कार्य का भी किया निरीक्षण

पटना, 24 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्णिया के चूनापुर सैन्य हवाई हड्डा स्थित सभाकक्ष में हवाई अड्डा से संबंधित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव के निर्माण हेतु अधिग्रहित की गई भूमि, रन–वे की लंबाई, रोड कनेक्टिविटी सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक के क्रम में एयर वाइस मार्शल श्री एस0 के0 माथुर एवं नागरिक उड्डयन के जी0एम0, आर्किटेक्चर ने चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के विकास कार्यो के संबंध में अपने–अपने सुझाव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाकर इसे यथा शीघ्र पूर्ण कराएं। इस एयरपोर्ट के फंक्शनल हो जाने से आस–पास के दो–तीन प्रमंडल के लोगों को काफी सुविधा होगी। हवाई सफर के लिए लोगों को बागडोगरा नहीं जाना पड़ेगा। लोग यहीं से आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा तक यात्रियों के सुचारू आवागमन हेतु बेहतर सड़क–संपर्कता सुनिश्चत होनी चाहिए। यहां लोगों के बैठने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। हम बराबर यहां आते रहे हैं और यहीं से आस–पास के इलाकों में लोगों से मिलने एवं विकास कार्यों को देखने का काम करते रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक से पूर्व चूनापुर हवाई अड्डे का एरियल सर्वे किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने काझा गांव स्थित काझा कोठी में स्थापित भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी के जीर्णोद्धार कार्य एवं काझा कोठी झील का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 19.20 करोड़ रूपये की लागत से पूर्णिया में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन रूपौली, मॉडल थाना भवन चंपा नगर एवं क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन तथा 25.93 करोड़ रूपये की लागत से पूर्णिया जिला में निर्मित होनेवाले 4 थाना भवनों का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री ने काझा कोठी प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, सतत् जीविकोपार्जन योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभुकों को चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी के प्रांगण में पौधा रोपण किया। स्थानीय जन प्रतिनिधिओं एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को मखाना की बड़ी माला एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधायक श्री विजय कुमार खेमका, पूर्व सांसद श्री संतोष कुशवाहा, पूर्व सांसद श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी,

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री संजय दूबे, पुलिस उप महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री विकास कुमार, जिलाधिकारी पूर्णिया श्री कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पूर्णिया श्री उपेंद्र नाथ वर्मा, एयर वाइस मार्शल श्री एस0 के0 माथुर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारीगण, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******